* H - 0 0 9 - 0 0 1 5 0 1 *

H-009-001501 Seat No. ________

Third Year B. R. S. (Sem. V) (CBCS) Examination

May / June – 2017

Hindi : 1-FND-511

(Hindi Literature & Language Correction-Foundation)

(New Course)

Faculty Code : 009

Subject Code : 001501

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Total Marks : **70**

सूचना : सूचनानुसार उत्तर दीजिए ।

१ निम्नांकित प्रश्नों के लिए सूचनानुसार उत्तर दीजिए : १५

(A) निम्नांकित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के समानार्थी शब्द दीजिए : ५

(१) अनुपम

(२) पर्वत

(३) चोर

(४) पृथ्वी

(५) निर्झरिणी

(६) गणपति

(७) भागीरथी

(B) निम्नांकित श्बद समूह में से किन्हीं **पाँच** शब्दसमूह के लिए **एक–एक** शब्द दीजिए : ५

(१) जो कम बोलता है वह ________

(२) जिसके सिर पर चंद्र है वह ________

(३) जिसके पार देखा जा सके ________

(४) जो सबमें व्याप्त है वह ________

(५) इन्द्रीयों को जितने वाला ________

(६) बिना किसी प्रयत्न किये ________

(७) भविष्य का निर्देश करने वाली वाणी ________

(C) निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के सूचनानुसार उत्तर दीजिए : ५

(१) सींचा पानी को पेड मैंने ________ वाक्य शुद्धि कीजिए ।

(२) मेदान में कई पशु आराम करता है ________ वाक्य शुद्धि कीजिए ।

(३) हम–भाई–बहन स्कूल जायेगा ________ वाक्य शुद्धि कीजिए ।

(४) नौकरानी देर सारा काम करती है ________ वाक्य शुद्धि कीजिए ।

(५) हडताल शब्द किस भाषा का है ?

(६) कैप्टन शब्द किस भाषा का है ?

(७) हवालात – शब्द किस भाषा का है ?

(८) तादाद – शब्द का अर्थ क्या होता है ?

२ संक्षेपण की व्याख्या देकर संक्षेपण के गुणों के बारे में विस्तृत चर्चा कीजिए । १५

अथवा

२ अनुवाद शब्द की परिभाषा देकर अनुवाद के प्रकारों की चर्चा कीजिए । १५

३ निम्नांकित टिप्पणीयों में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : १५

(१) तिरुपति स्कूल राजकोट में गुजराती विषय के शिक्षक का पद – रिक्त है – उक्त पद – के लिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

(२) अपने पुस्तकालय के लिए पुस्तक मंगवाने के लिए हिन्दी साहित्य भंडार – दिल्ली से सुचीपत्र मंगवाने के लिए पत्र लिखें ।

(३) बैंक में खाता खोलने के लिए SBI Towar Road Rajkot के नाम पत्र लिखें ।

(४) आज के युग में अनुवाद की महत्त्वता ।

(५) काव्यानुवाद की समस्याएँ बताईए ।

४ राष्ट्र को एकता में बाँधे रखने के लिए हिंदी भाषा ही सर्वथा योग्य है – विषय पर निबंध लिखें । १५

अथवा

४ हिंदी शब्द समूह – तत्सम् – तद्‌भव – देशज– विदेशी – अंग्रेजी आदि के बारे में विस्तृत चर्चा कीजिए । १५

५ बचत खाते में अपनी माता का नाम जोड़ने के लिए देनाबेंक – राजकोट के नाम पत्र तैयार कीजिए । १०

अथवा

५ निम्नलिखित परिच्छेद का संक्षेपण करके उचित शीर्षक दे : १०

मनुष्य उत्सवप्रिय होते है । उत्सवों का एकमात्र उद्देश्य आनंद प्राप्ति है । यह तो सभी जानते हैं कि मनुष्य अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए आजीवन प्रयत्न करता रहता है । आवश्यकता की पूर्ति होने पर सभी को सुख होता है । पर उस सुख और उत्सव के इस आनंद में बड़ा अंतर है । आवशअयकता अभाव सूचित करती है । एक के बाद दूसरी वस्तु की चिंता उसे सताती ही रहती है – इसलिए किसी एक आवश्यकता की पूर्ति से उसे जो सुख होता है, वह अत्यंत क्षणिक होता है, क्योंकि तुरंत ही दूसरी आवश्यकता उपस्थित हो जाती है । उत्सव में हम किसी बात की आवश्यकता का अनुभव नहीं करते । उस दिन हम अपनी सारी आवश्यकताओं को छोड़कर – भूलकर केवल उत्सवों का ख्याल करते है – उस दिन हम अपनी स्वार्थ चिंता छोड देते है । कर्तव्य भार की उपेक्षा कर देते हैं तथा गौरव और सम्मान को भूल जाते हैं। उस दिन हम में उच्छृंखलता आ जाती है, स्वच्छन्दता आ जाती है । हम हमारी दिनचर्या बिलकूल नष्ट हो जाती है । व्यर्थ घूमकर, – व्यर्थ काम कर, व्यर्थ खा–पीकर, हमलोग अपने मन में यह अनुभव करते है – कि हमलोग सच्चा आनंद पा रहे हैं ।